तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, रविवार, 24 नवंबर 2024

13 दलहन-तिलहन की खेती में किसानों का रूझान...



14 जमीन से जुड़ी मितानिन दूर दराज के मोहल्लों में...





## खबर संक्षेप

### सारागांव में रासेयो की शिविर कल से

**छुरा।** नगर के निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई स्वयं सेवकों की सात दिवसीय विशेष शिविर छुरा जनपद के ग्राम पंचायत सारागांव में आयोजित किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ 25 नवंबर को शाम 4:00 बजे पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रमुखों की उपस्तिथि में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा के मुख्य आतिथ्य से किया जाएगा। वही शिविर का समापन 30 नवम्बर को रूपसिंग साहू, युवा भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता जिला गरियाबंद के मुख्य आतिथ्य व डॉ. डीके साहू प्राचार्य कचना ध्रुवा महाविद्यालय छुरा की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। उक्त जानकारी रासेयो कार्यक्रम अधिकारी आरआर कुर्रे ने दी।

### मवेशियों को कत्लखाने ले जाते तस्कर गिरफ्तार

**महासमुंद।** पुलिस ने मवेशियों को कत्लखाने ले जाते तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मुढैना में वाहन क्रमांक सीजी 04 एमपी 4077 में मवेशियों को लोड किया जा रहा है और मवेशियों को कत्ल खाना ओडिशा राज्य बेचने के लिए ले जा रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी, जहां वाहन में जयप्रकाश जोशी पिता हीराराम जोशी (24 साल) निवासी ग्राम बाराडेरा थाना विधानसभा रायपुर जिला रायपुर एवं लोकेश सतनामी पिता मदन सतनामी (30 साल) निवासी बरोंडा बाजार थाना व जिला महासमुंद एवं पराग आंवडे पिता हेमधर आंवडे ( 40 साल) निवासी भोरिंग थाना तुमगांव जिला महासमुंद मिले। आरोपीगणों एवं उनके संयुक्त आधिपत्य के वाहन टाटा अल्ट्रा 1041 ट्रक की तलाशी ली गई, तलाशी में ट्रक के ट्राली में क्रुरता पूर्वक कृषक पशु भैंस भैंसा प्रजाति के 12 मवेशी लदा हुआ पाया गया। आरोपीगणों ने बिट्टू सिंह निवासी रायपुर एवं शाहरूख निवासी सरोना रायपुर के कहने पर उडीसा राज्य कत्ल खाना विक्रय के लिए ले जाना बताया। आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 6,10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि0 2004 एवं 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### अभ्यास स्कूल में टिटनेस टीकाकरण शिविर

**महासमुंद।** शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। शिविर में 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को टिटनेस का टीका लगाया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को टिटनेस के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि टिटनेस बैक्टीरिया के कारण होने वाला एक गंभीर संक्रमण है, जो घाव, चोट या गंदगी के संपर्क में आने से फैल सकता है। इससे बचाव के लिए समय पर टीकाकरण आवश्यक है। मौके पर प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने इस पहल की सराहना की।

### अवैध धान, पेट्रोल-डीजल और पीडीएस चावल जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा एसडीएम उमेश कुमार साहू के निर्देशन में तहसील कोमाखान के खैरतकला और भलेसर गांवों में कार्रवाई की गई। राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को धान, पेट्रोल-डीजल और पीडीएस चावल की अवैध भंडारण और व्यापार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जब्ती की। ग्राम खैरतकला के निवासी राधे चंद्राकर के पास से 650 कट्टा धान और भलेसर के बल्ला चंद्राकर के पास से 700 कट्टा अवैध धान मंडी अधिनियम तहत के जब्त किया गया। खैरतकला में ही प्रदीप चंद्राकर की दुकान पर छापा मारा गया। वहां से 250 लीटर पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर व्यावसायिक परिसर में अवैध रूप से भंडारित पाए गए।

# कूड़ादान खरीदी और निर्माण कार्यों में अनियमितता की शिकायत पर जांच शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर जनपद पंचायत अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्र में बसा ग्राम पंचायत बिरिघाट भ्रष्टाचार के मामले में पिछले कई वर्षो से सुर्खियों में रहा है, कभी यंहा पौधा रोपण के नाम पर कागजों में पौधारोपण कर करोड़ों रूपये भ्रष्टाचार किये जाने की शिकायत आई थी जांच के बाद भी इस मामले में अब तक कार्यवाही नहीं हुआ। वहीं बिरिघाट ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने तीन माह पूर्व सैकड़ों की सख्या में मैनपुर जनपद पंचायत का घेराव करते हुए ग्राम पंचायत बिरिघाट में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था साथ ही मामले की जांच जिला स्तर के अधिकारियों से किये जाने की मांग किया था, जिसके पश्चात बिरिघाट में जिला स्तर के टीम जांच के लिए भेजी गई। डिप्टी कलेक्टर अंजली खलखो के नेतृत्व में जांच टीम बिरीघाट पहुचकर जांच प्रारंभ किया है। जांच टीम स्थल निरीक्षण कर ग्रामीणों से चर्चा कर बयान ले रहे है, प्रारंभिक रूप से जांच में पता चला कि पंचायत द्वारा लगाए गए 11 कूड़ादानों में से केवल 7 मौके पर मौजूद थे, जिनमें से 3 कूड़ादान पूरी तरह जर्जर स्थिति में थे। पंचायत द्वारा 5,10,000 रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण केवल कागजों में दिखाया गया, जबकि वास्तविकता में सड़क बनी ही नहीं।मनरेगा के तहत मजदूरों से कराए जाने वाले कार्यों को जेसीबी मशीनों के माध्यम से पूरा किया गया, जो कि नियमों का खुला उल्लंघन है। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास ▶▶|शेष पेज 12 पर

## जिले से पंचायत बिरिघाट में जांच करने पहुंची जांच दल

### निर्माण कार्य घटिया और गुणवत्ताविहीन

जनपद सदस्य निर्भय सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायत बिरिघाट में जो चेकडेम का निर्माण किया गया है बेहद घटिया और गुणवत्ताविहीन है जिसकी जांच किया जाना चाहिए। उन्होने बताया कि जनपद फंड से सीसी रोड, रंगमंच, कुटीर उद्योग व विभिन्न निर्माण कार्यों के राशि दिया गया था पंचायत द्वारा राशि आहरण करने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया था। तब मेरे द्वारा शिकायत किया गया था जांच दल गठित होने के बाद अब निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है।




### जांच जारी है

डिप्टी कलेक्टर अंजली खलखों ने बताया कि जांच टीम बिरीघाट पहुचकर स्थल निरीक्षण किए हैं, जांच उपरान्त ही पूरी डिटेल जानकारी दे पाऊंगी अभी जांच जारी है।

## विडंबना : नवापारा में सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों से परेशानी बढ़ी, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# चौड़ीकरण के बाद भी सड़क पर खड़ी कर रहे गाड़ियां, परेशान होते हैं राहगीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रदेश में व्यवसायिक नगरी के रूप में नवापारा शहर को जाना जाता है। यह शहर नेशनल हाइवे के मध्य है। इस शहर में ट्रैफिक समस्या दिन ब दिन खतरनाक मोड पर बढ़ते जा रहा है। इस दिशा में जिसे ध्यान देना चाहिए वे जिम्मेदार अपनी आंख बंद किए हुए है। शहर से थाना दूर है इसलिए ट्रैफिक बेलगाम है। दिन में विभिन्न मार्गो पर दर्जनो छोटी-बड़ी घटना-दुर्घटना के अलावा गाड़ी चालकों का आपस में वाद-विवाद, मारा-पीटी, बहसबाजी देखी जाती है। कारण भी साफ है यहां की अधिकतर सड़कें या तो घुमावदार है। रायपुर से गरियाबंद-देवभोग जाने वाली मार्ग जो शहर के बीच से जाती है इसे कुर्रा गांव से लेकर चार किमी पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल तक चौड़ीकरण किया गया है। ये चौड़ीकरण शासन द्वारा इसलिए किया गया ताकि आवागमन बाधित न हो। ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न न हो। सड़क चौड़ीकरण होने के बाद लोग बेलगाम हो गए। बीच सड़कों पर अपनी गाड़ियां खड़ी करने लगे। मतलब चौड़ीकरण का कोई अर्थ ही नहीं रहा। पहले जैसे सिंगल रोड थी वैसा ही अब हो गया है। 10-20 मिनट के लिए यदि कोई अपनी गाड़ियां ▶▶|शेष पेज 12 पर




### हो रही दुर्घटना का सुध लेने वाला कोई नहीं


*ऐसा नहीं कि केवल 1 या 2 दुर्घटनाएं हुई हो पिछले तीन-चार सालों में बस स्टैंड के पास, चंपारण चौक, रिलायंस पेट्रोल पंप के करीब, राजिम पुल के समीप, तर्री रोड एवं गंज रोड पर कई हृदय विदारक घटनाएं हुई है जिसमें कईयो की जाने चली गई है। किसी के पति, किसी की पत्नी, किसी का भाई, किसी के बच्चे के सिर से माता-पिता का साया हट चुका। घटना के तत्काल बाद आक्रोशित लोग सड़क पर उतरते है, नगर बंद चक्का जाम होता है इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं देते।*

### ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई

महानगरों में ट्रैफिक समस्या तो आम बात है। लोग ट्रैफिक एवं उससे लगने वाले अतिरिक्त समय से रायपुर, दुर्ग जैसे बड़े शहर जाने से कतराते है। अब यही आलम इस नवापारा शहर में हो गया है। आस-पास के ढेर सारे गांव के लोगों के लिए यह मुख्य व्यावसायिक नगर है। नवापारा की ट्रैफिक व्यवस्था देखकर गांव के लोग भी अब आने से कतराने लगे है। कारण यह नहीं कि यहां ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है बल्कि यहां ट्रैफिक व्यवस्थित नहीं है। रायपुर से गरियाबंद जिले के सभी नगर कस्बे को जोड़ने वाली एक मात्र सड़क नवापारा नगर से होकर गुजरती हैं। कुर्रा से राजिम पुल तक ट्रैफिक का दबाव सबसे ज्यादा रहता है। इसके अलावा नगर के अंदर दो मुख्य मार्ग सदर रोड एवं गंज रोड पर ट्रैफिक अव्यवस्थित रहता है। जिससे आए दिन सड़क हादसे होते रहते है। यहां की सड़क उड़ीसा, देवभोग, मैनपुर, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार, सिमगा, धमतरी, कुरूद, आरंग एवं राजिम से रायपुर को जोड़ने वाली एक मात्र मुख्य मार्ग है। साथ ही साथ आसपास के छोटे- बड़े गांवों एवं कस्बों को रायपुर से जोड़ता है। दिन भर यहां से छोटी-बड़ी दुपहिया-चारपहिया गाड़िया, ट्रक चलती है। इस मार्ग पर कन्या शाला, फुलचंद कॉलेज एवं कन्या महाविद्यालय के बच्चों का आना-जाना लगा रहता है। तहसील ऑफिस से छल्लानी पेट्रोल पंप तक रोड के दोनों ओर एफसीआई एवं वेयरहाउस की ढेर सारी ट्रकें सड़कों पर खड़ी रहती है। नवापारा बस स्टैंड से राजिम पुल तक रोड के दोनों किनारे रिपेयरिंग के लिए ट्रक, बस, टेम्पो का जमावड़ा रहता है।

# तेंदुए की खाल बरामद तीन तस्कर गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

नवरंगपुर वनमंडल के वाइल्डलाइफ स्क्वाड,उदंती-सीतानदी की एन्टी पोचिंग टीम एवं डीआरआई ओडिशा की संयुक्त टीम ने तेंदुए की खाल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 1 नग मोटर सायकल, 3 नग मोबाईल भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार वाइल्डलाइफ जस्टिस कमीशन इंडिया से प्राप्त छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व के इको सेंसिटिव जोन से लगा हुआ क्षेत्र में तस्करी की सूचना मिली थी, जिस पर 22 नवंबर 2024 को एन्टीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व नवरंगपुर वनमंडल एवं डीआर आई रायपुर के साथ संयुक्त टीम गठित कर उमरकोट परिक्षेत्र के करका सेक्शन के उदयपुर-हाथिबेना मार्ग पर तेंदुआ की खाल के साथ चमरा गोंड पिता रघु, खेदुराम पिता कुमार हरिजन, मंगलदास पिता लोकनाथ हरिजन को मौके से पकड़ा गय। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने तेंदुआ खाल को 1 वर्ष पूर्व का बताया एवं अन्य आरोपियों के भी शामिल होने की बात बताई। तेंदुआ खाल की सर से पूँछ तक की कुल लम्बाई 195 सेंटीमीटर थी एवं जहर देकर शिकार करना पाया गया। आरोपियों से मोटर सायकल, 3 मोबाईल भी जब्त किया है। तीनों आरोपियों को पकड़कर विस्तृत पूछताछ के लिए रायघर ▶▶|शेष पेज 12 पर

# 8 लाख के धोखाधड़ी मामले में दो निदेशक गिरफ्तार

**गरियाबंद।** भूमिदेवकान और एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा की गई धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रार्थिया दीपा मलैया और उनके पति विष्णु विनोद मलैया की शिकायत पर 2024 में फिंगेश्वर थाने में मामला दर्ज किया गया था। घटना का विवरण प्रार्थियों के अनुसार, 5 मार्च 2014 को कंपनी के निदेशकों ने 8 लाख रुपये निवेश करवाए और छह वर्षों में राशि दोगुनी होने का लालच दिया। बाद में पता चला कि कंपनी बंद हो चुकी है, और उनका पैसा वापस नहीं हुआ।

### जांच में सामने आए तथ्य

कंपनी रजिस्ट्रार, बिलासपुर से प्राप्त जानकारी में राधा विश्वकर्मा, लालचंद विश्वकर्मा, और घासीराम विश्वकर्मा को कंपनी का निदेशक बताया गया। विवेचना में पता चला कि आरोपी लालचंद विश्वकर्मा की 2019 में मृत्यु हो चुकी है। शेष दो आरोपी, राधा विश्वकर्मा (46 वर्ष) और घासीराम विश्वकर्मा (70 वर्ष), राजनांदगांव के लखौली क्षेत्र के निवासी हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ चिटफंड प्रतिबंध अधिनियम 1978 और



छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के हित संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पूर्व में भी जा चुके हैं जेल

गिरफ्तार आरोपियों पर पहले भी इसी प्रकार के धोखाधड़ी के मामले में थाना बाराद्वार जिला जांजगीरचांपा में तीन साल की सजा हो चुकी है। फिंगेश्वर पुलिस ने आवश्यक सबूत जुटाने और आरोपियों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# रसेयो शिविर के समापन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर 16 नवंबर से 22 नवंबर तक ग्राम लफंदी में लगा। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अनेकों कार्यक्रम किया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा एवं गांव की महिला सरपंच इंद्राणी साहू ने किया। विशेष अतिथि के रूप में डॉ ललित मिश्रा, पुरूषोत्तम निषाद, मीरा यादव मौजूद थे। शिविर का संचालन ▶▶|शेष पेज 12 पर

### डिजिटल अरेस्ट, साइबर क्राइम की दी जानकारी

डिजिटल लिटरेसी, डिजिटल अरेस्ट, साइबर क्राइम और फ्रॉड जैसे विषयों पर प्रोफेसर भानुप्रताप नायक व अजय पंडित ने बहुत अच्छे से ग्रामीणों को समझाया कि साइबर क्राइम और फ्रॉड से कैसे बचा जा सकता है? परिंद्र साहू ने प्रतियोगी परीक्षाओं के संदर्भ में महत्वपूर्ण सुझाव दिया। बीएमओ डॉ वीरेंद्र हिरौंदिया ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसे ग्रामीणों ने प्रशंसा किया। इन सभी कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणो की भीड़ छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करती रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नाटक के माध्यम से डिजिटल लिटरेसी ,ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर क्राइम के विषय में लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद सभापति जगदीश साहू ,विशेष अतिथि उपसरपंच नेहरू साहू, सरपंच इंद्राणी साहू, प्राचार्य सविता मिश्रा मौजूद थे। संचालन स्वयं सेविका दिशा शर्मा ने किया। सरपंच इंद्राणी-नेहरू साहू ने अतिथियो का सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया।

## उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही शुष्क हवाओं के कारण पड़ रही कड़ाके की ठंड

# 10 साल बाद नवंबर में पहली बार 13 डिग्री पहुंचा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही शुष्क हवाओं ने पूरे अंचल को शीतलहर की चपेट में ले लिया है। पिछले तीन दिनों से क्षेत्रभर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी छत्तीसगढ़ में शीतलहर का प्रभाव है, जिससे न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

अंचल का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि इस साल कड़ाके की ठंड पड़ने के पूरे संकेत हैं। 2014 में 22 और 23 नवंबर को न्यूनतम तापमान क्रमशः 13 डिग्री और 12.9 डिग्री दर्ज किया गया था। उसके बाद पिछले 10 वर्षों में नवंबर के महीने में न्यूनतम तापमान कभी 13 डिग्री से नीचे नहीं गया। इस साल 20 नवंबर से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। शुष्क वायु प्रवाह और वायुमंडल में नमी की कमी के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट हो रही है। रसेला सहित पूरा अंचल शीतलहर की चपेट में हैं, जिससे ठंड का असर साफ महसूस किया जा रहा है।




### दिन के समय भी ठिठुरन का अहसास होने लगा

रसेला सहित क्षेत्रभर में पिछले तीन-चार दिनों से रातें कंपकंपाने वाली हो गई हैं। शनिवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। वहीं अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री रहा। ठंडी हवाओं ने दिन के समय भी ठिठुरन का एहसास कराया।

### विक्षोभ नहीं, जल्द ही ठंड और बढ़ने के आसार

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल किसी बड़े विक्षोभ के सक्रिय होने के संकेत नहीं मिला हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है। शुष्क हवा के चलते तापमान में और गिरावट की संभावना है। विशेषज्ञों ने कहा कि 28 नवंबर के बाद ठंड में थोड़ी कमी आ सकती है।

बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम
- बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग- ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग- ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर- ₹1000
- छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
- 100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
- बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।

बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542



पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

**खबर संक्षेप**

## खरीदी केन्द्र का विधायक जनक ने किया निरीक्षण



**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव धान खरीदी केन्द्र दीवानमुडा, खोखमा का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा किया और धान खरीदी केन्द्र में किसानों ने बारदाना की कमी से विधायक को अवगत कराया। विधायक ने संबधित विभाग के अफसरों को तत्काल फोन कर बारदाना उपलब्ध कराने कहा है, साथ ही धान खरीदी केन्द्र में पहुंचने वाले किसानों के लिए पेयजल, छांव व्यवस्था करने कहा हैं।

## छह सूत्रीय मांगों को लेकर 6 दिसंबर से हड़ताल

**बसना।** नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष संदीप चंद्राकर, ललित साहू की मौजूदगी में पुष्प वाटिका बसना में बैठक हुई। जिसमें 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 दिसंबर 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल तूता में किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में नगर पंचायत बसना के नियमित कर्मचारी भीष्म प्रधान, पिंकी पटेल, सोनप्यारी भगत, वीरेंद्र बघेल, रुक्मणी सोनवानी, प्लेसमेंट कर्मचारियों में भारत सोना, शत्रुघ्न दीप, पृथ्वीराज सोना, दीपक सोना, दीपेश सोना, जलश्याम सोना, घनश्याम सोना, हारा बाई, पंचमणि, सुरू बाई, रूबीना, बासमती, सुरेश दीप, नरेश सोना, गजेंद्र डोंगरे, प्रकाश सेंदरिया, प्रकाश राठौर, गणेश, प्रीतम सोना, मनोज आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पर्वतारोहण शिविर के लिए जिले के स्काउट हुए रवाना

**महासमुंद।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय अनुदान से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर साहसिक गतिविधि का आयोजन 25 नवंबर से 29 नवंबर तक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स नेशनल यूथ काम्पलेक्स गदपुरी जिला पल्लवल हरियाणा में आयोजित है। शिविर के लिए जिला महासमुंद जिला से कुल 16 स्काउट, रोवर रेंजर एवं 2 प्रभारी शिक्षक व्यासनारायण बंजारे एवं उर्वशी नेताम के साथ समता एक्सप्रेस से रवाना हुए। इसके पूर्व रेल्वे स्टेशन पर स्काउट गाइड को संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला सलाहकार दाउलाल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष जय पवार, मुख्यालय आयुक्त एनके सिन्हा, रामकुमार साहू, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, विकासखंड उपाध्यक्ष नितेश श्रीवास्तव, विखं सचिव लता वैष्णव, सुशील शर्मा, नरेंद्र नायक द्वारा स्काउट गाइड को यात्रा के लिए किट वितरण किया गया। साथ ही यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## अरंड में सशक्त और विकसित पंचायत निर्माण के लिए हुई बैठक

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अरंड में ग्राम पंचायत प्लानिंग एंड फैसिलिटेशन टीम (जीपीपीएफटी) के माध्यम से पंचायत को सशक्त और विकसित बनाने के उद्देश्य से पिरामल फाउंडेशन द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पंचायत समिति के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की।बैठक का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए स्कूल मैनेजमेंट कमिटी (एसएमसी) और बिल्डिंग ऐज लर्निंग ऐड (बाला) जैसे शिक्षण उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर चर्चा करना था। इस दिशा में गांव के विकास के लिए एक समर्पित टीम गठित कर विभिन्न गतिविधियां संचालित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में ग्राम पंचायत की सरपंच पार्वती तांडे ने कहा कि बच्चों का विकास ही गांव का विकास है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पंचायत राज संस्थान (पीआरआई), स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, युवा और स्थानीय नेतृत्व मिलकर काम करेंगे।

# लोगों को मदद पहुंचाने वाली डॉयल-112 खस्ताहाल, सुधारने 'मदद' की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

लोगों को त्वरित मदद पहुंचाने राज्य के 16 जिलों में संचालित डॉयल-112 सेवा को खुद मदद की जरूरत पड़ रही है। डॉयल-112 सेवा के अंतर्गत संचालित साढ़े तीन सौ वाहनों की काफी दयनीय स्थिति हो गई है। वाहनों की स्थिति ऐसी हो गई है कि वाहन खराब होने पर अब उसके पाट्र्स मिलने मुश्किल हो गए हैं। डॉयल-112 सेवा संचालित करने जब तक कोई नई कंपनी सामने नहीं आएगी, डॉयल-112 सेवा में सुधार होने की उम्मीद नहीं दिख रही है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में वर्ष 2018 से डॉयल-112 सेवा संचालित की जा रही है। छत्तीसगढ़ में जब से डॉयल-112 सेवा संचालित हो रही है, तब से वही पुराने मॉडल के सूमो वाहन का उपयोग किया जा रहा है। वर्तमान में सूमो वाहन आउटडेटेड हो गए हैं। वर्तमान में पुलिस विभाग के पास स्कार्पियो जैसे वाहन आ गए हैं। सूमो की स्कार्पियों से रफ्तार भी कम है। इसके चलते डॉयल-112 के माध्यम से लोगों को रिस्पांस टाइम में मदद नहीं मिल पाती।

### राज्य के 16 जिलों में संचालित हो रहे साढ़े तीन सौ वाहन कंडम होने की कगार पर

#### नई कंपनी आने के बाद नए वाहन मिलेंगे

छह वर्ष पूर्व जब डॉयल-112 सेवा शुरू की गई, तब इसे संचालित करने सरकार ने टाटा और उससे जुड़ी एबीपी प्राइवेट लिमिटेड को प्रोजेक्ट चलाने का ठेका दिया था। तब से इसी ग्रुप द्वारा सेवा का संचालन किया जा रहा है। ग्रुप का कार्यकाल दो माह पूर्व ही समाप्त हो गया है। नई कंपनी नहीं आने की वजह से सरकार पुरानी कंपनी के माध्यम से डॉयल-112 सेवा का संचालन कर रही है। डॉयल-112 सेवा में नए वाहन तभी आएंगे, जब कोई नई कंपनी सेवा संचालन करने का ठेका लेगी।



#### अध्ययन करने टीम चंडीगढ़ जाएगी

चंडीगढ़ तथा हरियाणा में वर्तमान में सीडेक नामक कंपनी डॉयल-112 सेवा का संचालन कर रही है। सीडेक की कार्यप्रणाली देखने तथा समझने के लिए डॉयल-112 के अफसर अध्ययन करने जल्द ही चंडीगढ़ जाएंगे। लौटने के बाद रिपोर्ट तैयार कर अफसरों को देंगे। इसके बाद अफसर आगे निर्णय लेंगे। अफसर कब चंडीगढ़ जाएंगे, इसके लिए समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

### थानों में वर्षों से जमे पुराने सिपाही कर रहे वसूली का काम

# शहर के दर्जनभर थाने, जहां 'महेश' जैसे सिपाहियों के नाम का चलता है सिक्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

थाने का मुखिया थानेदार होता है, लेकिन शहर के अधिकतर थानों में थानेदारों की जगह वहां वर्षों से पदस्थ सिपाही मुखिया बनकर बैठे हैं। थानेदार केवल नाम के रह गए हैं। रिपोर्ट दर्ज कराने से लेकर कार्रवाई कराने के लिए टीआई से पहले सिपाही के पास अर्जी लगानी पड़ती है, तब कहीं जाकर पीड़ितों को न्याय मिल पाता है। रिपोर्ट दर्ज कराने से लेकर कार्रवाई कराने के लिए थानों में मठाधीश बनकर बैठे सिपाहियों को चढ़ावा चढ़ाना पड़ता है।

- टिकरापारा थाने के जिस एएसआई को आईजी ने लाइन अटैच किया था, जुगाड़ से उसी थाने में पोस्टिंग कराई

गौरतलब है कि टिकरापारा थाना क्षेत्र में पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर पेशे से ऑटो मैकेनिक मोहम्मद शहजाद शेख ने गुरुवार को अपने घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। महेश ने अपने सुसाइड नोट में टिकरापारा थाना में पदस्थ पुलिसकर्मी महेश तथा अन्य छह को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। मृतक का सुसाइड नोट मिलने के बाद भी अब तक दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ अफसरों ने कोई विभागीय कार्रवाई नहीं की है। ऐसे में थानों में मनमानी करने वाले पुलिसकर्मियों के हौसले बुलंद होंगे।


आक्रोषित लोगों ने एंबुलेंस में शव रख थाने का घेराव कर किया प्रदर्शन
**पुलिस पर झूठे केस में फंसाने का आरोप, ऑटो मैकेनिक ने की खुदकुशी**
हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर
कोतवाली में दर्ज मामले के प्रार्थी को बनाया आरोपी
सुसाइड नोट में इन लोगों के नाम
पैसा लेकर छोड़ने का आरोप

#### टिकरापारा थाना के ज्यादातर पुलिसकर्मी वर्षों से जमे

*शहजाद शेख ने जिस पुलिसकर्मी को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है, वह टिकरापारा थाना क्षेत्र में विगत आठ दस साल से पदस्थ है। इसके अलावा टिकरापारा थाना में पिछले तीन वर्षों में तीन से चार टीआई का तबादला हो चुका है, लेकिन निचले स्तर के पुलिसकर्मी जस के तस थाना में जमे हुए हैं। टिकरापारा थाना के ज्यादातर पुलिसकर्मी वर्षों से थाने में जमे हुए हैं।*

#### लाइन अटैच होने के एक माह के भीतर लौटा

*टिकरापारा थाना में एक एएसआई ऐसा है, जिन्हें रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के आदेश पर पुलिस लाइन अटैच किया गया था। उस एएसआई ने दो माह के भीतर जुगाड़ से पुनः अपनी पोस्टिंग टिकरापारा थाना में ही करवा ली। जिस एएसआई को आईजी के आदेश पर लाइन अटैच किया गया था, वह एएसआई भी वर्षों से टिकरापारा थाना में पदस्थ है।*

#### थाना के सामने दूसरे दिन भी रही गहमा-गहमी

शहजाद शेख खुदकुशी मामले के दूसरे दिन भी परिजन और परिचितों ने थाना पहुंच कर आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की बात सामने आई है। इसके कारण दूसरे दिन शाम के समय थाना के सामने काफी गहमा-गहमी का माहौल रहा। सुरक्षा की दृष्टि से गेट के पास पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी।

#### इन थानों में वर्षों से जमे हैं निचले स्तर के पुलिसकर्मी

अलग-अलग थानों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक टिकरापारा के साथ कोतवाली, खमतराई, पुरानी बस्ती, तेलीबांधा, विधानसभा, उरला, गुढ़ियारी, कबीर नगर, सिविल लाइंस तथा आमानाका थाना क्षेत्र में भी कई पुलिसकर्मी ऐसे हैं, जो पांच साल से ज्यादा समय से जमे हुए हैं।

#### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज

मोहम्मद शहजाद शेख खुदकुशी मामले में पुलिस ने साजिद अली तथा अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पड़ताल में साजिद अली का नाम सामने आने की वजह से उसके नाम पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। सुसाइड नोट में उल्लेखित पुलिस कर्मी महेश तथा अन्य के नाम पड़ताल करने के बाद पुलिस एफआईआर में दर्ज करने की बात कह रही है।

## विद्यार्थियों ने कम्प्युटर एजुकेशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विभिन्न मान्यता प्राप्त ट्रेनिंग पार्टनरों के माध्यम से आईटीआई एस, रिटेल, कृषि हेल्थ केयर, बैंकिंग वित्तीय सेवाएं व बीमा, मिडिया एवं इंटरटेनमेंट, संचार, आटोमोबाईल, कम्प्युटर एजुकेशन हब सहित कई ट्रेडों में स्कूली बच्चों की अभिरूचि बढ़ाने के लिए योजना संचालित किया जा रहा है रहा है। इस कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को व्यवसायिक प्रशिक्षक चंद्रिका शंकर साहू के मार्गदर्शन मे शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर के छात्रों को कम्प्युटर पाठ्यक्रम के अंतर्गत मैनपुर में आईसेक्ट द्वारा संचालित शौर्य कम्प्युटर एजुकेशन सेन्टर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान संचालक पुलस्त शर्मा एवं कर्मचारियों के द्वारा छात्रों को कम्प्युटर से संबंधित अनिवार्य जानकारी दी गई बच्चों को टैली, कम्प्युटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, एमएस वर्ड, एक्सल प्रेजेन्टेशन तैयार करने व जरूरी जानकारी दी गई।

इस दौरान शौर्य कंप्यूटर एजुकेशन मैनपुर पुलस्त शर्मा ने कहा कि आज सभी क्षेत्रें मे कम्प्युटर की आवश्यकता बढ़ गई है सभी काम कम्प्युटर की मदद से सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है इसलिए स्कूली बच्चो को अपने शैक्षिक गतिविधियों मे कम्प्युटर शिक्षा को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। बच्चों ने कम्प्युटर सें होने वाले कार्यों की जानकारी ली।


## सचिव संघ ने नवपदस्थ सीईओ का किया स्वागत



**फिंगेश्वर।** जनपद पंचायत फिंगेश्वर के नवपदस्थ सीईओ स्वपनिल ध्रुव का पंचायत सचिव संघ फिंगेश्वर अध्यक्ष गोविन्द साहू के नेतृत्व मे जनपद कार्यालय मे गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर गोविंद साहू ने कहा कि आप के मार्गदर्शन मे शासकयीय कार्यक्रम को गति मिलेगी। वहीं पर आपका सहयोग अपेक्षित रहेंगा। सहयोग देने का आश्वासन देते हुए सीईओ ने भी मिलजुलकर काम करने की उम्मेदी जताते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सचिव संघ फिंगेश्वर के अध्यक्ष गोविन्द साहू, उपाध्यक्ष रेवा ढीढी, सचिव झम्मन पटेल, कोमल साहू, ओमप्रकाश सिन्हा, मनीराम, सोना राम वर्मा, अशोक साहू, चेतन साहू, तुलस साहू, भैया राम साहू, अजय ध्रुव, कुलेश्वर कोसरे, हुलसी साहू, यशवंत निषाद, गोवर्धन निषाद आदि सचिव उपस्थि थे।

## धान खरीदी में अव्यवस्था किसान हलाकान : धनेंद्र

**नवापारा-राजिम।** पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार के ऊपर आरोप लगाते हुए सीधा-सीधा कहा है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्रो में राज्य शासन की गलत नीतियों एवं अव्यवस्था से किसान अपने धान नही बेच पा रहे है। इस बार 1 नवंबर से धान खरीदी न करके 14 दिनो का विलंब कर 14 नवंबर को शुरू किया गया जबकि इस अवधि में किसानों के आधा फसल की कटाई हो चुकी थी। आज की तारीख में 90 फीसदी से अधिक फसल की कटाई हो गई है। जबकि किसानो को धान बेचने के लिए टोकन नही मिल रहा है। श्री साहू ने कहा कि अनेकों धान खरीदी केंद्रो में 9-10 दिसंबर तक पूरे लीमिट की टोकन दिया जा चुका है और टोकन देना बंद कर दिया गया है। श्री साहू ने



कहा कि मैं भी तोरला का किसान हूं। मुझे स्वयं को टोकन अभी तक नही मिला है जबकि 15 दिनों से धान की कटाई करा चुका हूं। कहा कि धान खरीदी केंद्रों में राइस मिल मालिकों द्वारा कस्टम मीलिंग में गलत नीतियों के कारण धान का उठाव नहीं होने से धान खरीदी केंद्रों में धान रखने के लिए स्थान नहीं मिल रहा है। वहीं राज्य शासन द्वारा दावा किया जा रहा है कि किसान को 2-3 दिनो में उनके खातों में पैसा डालकर भुगतान किया जा रहा है।

## काजू दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय, छुरा में राष्ट्रीय काजू दिवस के अवसर पर शनिवार को आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विज्ञान क्लब के तत्वाधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता में काजू से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनमें काजू के उत्पादन, प्रसंस्करण और उपभोग से संबंधित जानकारी शामिल थी।

इस कार्यक्रम में विज्ञान विभाग प्रमुख डॉ पूनम वर्मा ने बताया काजू के उत्पादन में हमारे देश के किसानों की मेहनत और लगन का बहुत बड़ा योगदान है। हमारे देश के किसानों ने काजू के उत्पादन में नए-नए तरीकों और तकनीकों का इस्तेमाल करके इस फसल को और भी अधिक उत्पादक बनाया जा रहा है । इसके बाद विज्ञान विभाग के अधिस्ठाता डॉ पी विश्वनाथन ने बताया की काजू एक महत्वपूर्ण फसल है जो हमारे देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करती है। यह फसल न केवल हमारे देश के किसानों की आय बढ़ाने में मदद करती है, बल्कि यह हमारे देश के निर्यात में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए गए। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय क्रमशः ज्योतिष कुमार बी एस सी प्रथम वर्ष, दुर्गेश्वरी




साहू डीसीए, अमिताप बहादुर बी फार्मेसी की छात्रों ने स्थान प्राप्त किया। सभी वक्तव्य से विद्यार्थियों ने जाना कि काजू एक महत्वपूर्ण फसल है जो हमारे देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करती है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य काजू के महत्व को समझने और इसके प्रति जागरूक हुए। प्रतियोगिता के आयोजक वनस्पति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक लुकेश्वर साहू ने कहा की हमें उम्मीद है कि यह प्रतियोगिता काजू के महत्व को समझने और इसके प्रति जागरूकता फैलाने में मदद करेगी। हमें इस प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को धन्यवाद दिया और अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## पेज 11 के शेष...

### कूड़ादान खरीदी और...

योजना के तहत मकान वितरण में भी अनियमितताएं सामने आईं। आरोप है कि योजना का लाभ अधिकारियों और पंचायत के परिचितों को दिया गया। ग्रामीणों ने जांच टीम में पहुचे अधिकारियों को बताया कि कुडादान निर्माण मुरमीकरण , पंचायत भवन मरम्मत, बोर खनन, वाटर सप्लाई, सी.सी रोड निर्माण, मनेरगा के तहत निर्माण कार्य व मूलभूत, 15 वे वित्त के कार्यो और बिल वाउचर की जांच किया जाए तो लाखों भ्रष्ट्राचार सामने आयेंगे।

### चौड़ीकरण के बाद...

खड़ी करते है तो कोई बात नहीं पर कुछ ऐसे प्वाइंट है जहां महिनों से गाड़ी खड़ी कर ड्राइवर गायब है तो कहीं सप्ताह-पंद्रह दिन से गाड़ी खड़ी है और तो और कुछेक ऐसे रूतबे वाले है जो बेचने के लिए लाए अपने सामान को महिनों से सड़क पर लाइन से खड़ी कर दिए है। जिससे राहगीरों को साइड नहीं मिल पाता और जाम की स्थिति बन जाती है या फिर दुर्घटना होती है।

**गंज एवं सदर रोड का हाल-बेहाल** - गंज रोड पर छोटे-बड़े मालवाहक वाहने पिकअप,छोटा हाथी एवं मालवाहक छोटे रिक्शा में सामान लादकर बीच रोड में खड़ी कर देते है। इससे यातायात बाधित होती है। इन वाहनो में सामान उतार-चढ़ाव के दौरान नीचे गिरने वाले खाद्य सामग्रियों को खाने के लालच में दिन भर लावारिश मवेशियों का जमावड़ा पूरे सड़क भर रहता है। मालूम हो कि गंज रोड में डिवाइडर के बीच के स्थानों को लोग अब चारपहिया पार्किंग के रूप में भी पूरा दिन उपयोग कर रहे है। स्टेट बैंक के सामने यह नजारा रोज देखने को मिलता है। यहां के कर्मी अपनी कार डिवाइडर के बीच खड़ी कर देते है और स्वयं बैंक वाले ने पार्किंग का एक सबसे बढ़िया तरीका निकाल लिया है। फ्लैक्स लगा दिया और रोड पर गाड़ी न खड़ा करने का फरमान जारी कर अपना पल्ला झाड़ लिया है। रही बात सदर रोड की यहां अलग तरह की समस्या है। कुम्हारपारा से सब्जी पसरा, सुभाष चौक के भीतर मार्केट में शिफ्ट किया गया बावजूद कई ऐसे है जो अपना पसरा वहां लगाते ही है। सदर रोड में चार पहिए से गुजरने वाले को हिम्मतवाला कहा जाता है क्योंकि जगह रहता नहीं और चारपहिया घुसा देते है तब पौन किलोमीटर को पार करने में पसीना छुट जाता है। इससे दुपहिया सवारों को चारपहिया वाहन के पीछे-पीछे चलना पड़ता है। कुछ दुकानदार भी अपना सामान सड़क में फैलाकर लगाए रहते हैं।

### तेंदुए की खाल...

परिक्षेत्र कार्यालय जिला नवरंगपुर लाया गया एवं प्रकरण क्रमांक 131 ऑफ 2024–25 दर्ज किया गया। प्रकरण में फरार छत्तीसगढ़–ओडिशा बॉर्डर पर सक्रीय अन्य तस्करों व आरोपियों एवं वन्यप्राणी अवयवो की तलाश जारी है। इस कार्यवाही में डीआर आई रायपुर, गरियाबंद पुलिस के साइबर सेल प्रभारी सतीश यादव, उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व की एन्टी पोचिंग की टीम के नोडल अधिकारी गोपाल कश्यप सहायक संचालक उदंती (मैनपुर), सुबाश चन्द्र खुटिया सहायक वन संरक्षक, नबरंगपुर, सुशील कुमार सागर वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव धुरवागुड़ी बफर, मोहम्मद अब्दुल समाद उप-परिक्षेत्र अधिकारी रायघर, राकेश परिहार परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा, लालू बिसोई, प्रकाश सरकार, भबानी बिसोई, ऋषि ध्रुव, सुधांशु वर्मा, फलेश्वर दिवान, भूपेंद्र भेड़िया, पुनीत ध्रुव, देवीसिंह एवं वन अमले का विशेष योगदान रहा।

### रसेयो शिविर के...

राज्यस्तरीय अधिकारी डॉ. नीता बाजपेई, कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर गजपाल, जिला संगठक डॉक्टर समीक्षा चंद्राकर, कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर श्वेता खरे के नेतृत्व में हुआ। छोटे से देहात गांव में कॉलेज की छात्र-छात्राओं को देखकर ग्रामीणों में उत्सुकता का वातावरण बना रहा। इस ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत के उपसरपंच नेहरू साहू ने बहुत बढ़-चढ़कर शिविर में न केवल अपना सहयोग दिया बल्कि स्वयंसेवकों के साथ कदम से कदम मिलाकर उनके साथ चला। सुबह-सुबह इस ठंड के मौसम में प्रभात फेरी निकाली जाती थी जिसमें रघुपति राघव राजा राम का भजन करते गांव के गलियो में घुमते थे। इसके साथ ही योगाभ्यास व परेड प्रशिक्षण भी किया जाता था। गांव के विभिन्न चौक-चौराहो मसलन अटल चौक, तालाब घाट, आंगनबाड़ी, मंदिर परिसर की अच्छे से साफ-सफाई किया गया। डिजिटल लिटरेसी की थीम पर आधारित बौद्धिक परिचर्चा भी विभिन्न विषयों में विद्वानों ने संबोधित किया।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## मैनपुर बाजार देवस्थल में लगा कचरे का ढेर



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के साप्ताहिक बाजार में देवस्थल चबुतरा मडाई भाठा में चारों तरफ कचरों का ढेर लगा हुआ है लेकिन इसके साफ सफाई के तरफ ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, देवस्थल की साफ - सफाई करवाने की मांग नगरवासियों ने किया है।

**निधन**

## उषाबाई पटेल



**मैनपुर।** ग्राम हरदीभाठा निवासी उषाबाई पटेल उम्र लगभग 60 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे उषाबाई पटेल कान्हा कम्प्युटर संचालक डोमेश पटेल एंव खेमराज पटेल की माता थी।

**खेती किसानी :** पाण्डुका के 20 से अधिक किसानों को चना व गेहूं का वितरण किया गया

# दलहन-तिलहन की खेती में किसानों का रूझान अंचल में अब बढ़ने लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

जिलें में ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, लघुधान्य, मक्का एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन हेतु कृषि व उद्यानिकी विभाग द्वारा कृषक समृद्धि चौपालों का आयोजन कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। चौपालों के आयोजन से कृषकों में व्यापक जागरूगता आई है एवं दलहन, तिलहन उत्पादन की ओर किसानों का रूझान बढ़ा है। किसानों को फसल विविधीकरण के महत्व को बताया जा रहा है। इसके अंतर्गत गर्मी के मौसम में पानी की कमी होने के कारण धान के अलावा अन्य दलहन-तिलहन लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को धान की खेती से ज्यादा मुनाफे वाले दलहन-तिलहन एवं ग्रीष्मकालीन अन्य फसलों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा किसानों से यह अपील भी की जा रही है कि भू-जल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए धान के बदले कम पानी लागत वाले फसलों की खेती की जाए।



### कीट की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही

*कृषक चौपाल में किसानों को बताया जा रहा है कि खरीफ धान के पश्चात पुनः रबी धान की खेती से मृदा उर्वरता का ह्रास होता है। कीट-व्याधि की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जाती है। फलस्वरूप साल दर साल कीटनाषी की उपयोग की जाने वाली मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है। जो मानव सहित सभी जीवो के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है। साथ ही पर्यावरण को भी दूषित कर रहा है। कृषकों द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के उत्पादन सें अन्य फसलों के मुकाबले 8 से 10 गुना अधिक जल का अपव्यय होता है एवं उन्हे मात्र 10 से 15 हजार रूपये ही शुद्ध लाभ प्रति एकड़ प्राप्त हो पाता है। जबकि कृषकगण खरीफ धान के बाद रबी में चना, सरसों, गेहूं, उसके बाद उड़द, मूंग का उत्पादन कर प्रति एकड़ 30 से 40 हजार का लाभ प्राप्त कर सकते है। इससे मृदा की उर्वरता में वृद्धि होती होगी व जल भी बहुत कम उपयोग होगा।*

### पपीता, केला व कालीमिर्च में अधिक मुनाफा

कृषकों द्वारा ग्रीष्म धान के स्थान पर उद्यानिकी फसलें जैसे फल, फूल, सब्जी, खीरा, टमाटर, मिर्च, लौकी इत्यादि की खेती से प्रति एकड़ लाखों में लाभ प्राप्त किया जा सकता है। कृषक अपने खेतों में बहुस्तरीय कृषि पद्धति अपनाकर एक ही खेत में एक समय में 3 से 4 या ज्यादा फसल जैसे अदरक, हल्दी, आलु, मक्का, सरसों, पपीता, केला, कालीमिर्च इत्यादि की फसल लेकर अधिक मुनाफा कमा सकते है। ऐसे ग्राम जो ग्रीष्मकालीन धान को पूर्णतः अन्य फसलों से स्वप्रेरणा से प्रतिस्थापित करेंगे उन्हे जिला स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। किसान जो ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर गेहूं, मक्का, रागी, चना, सरसों, अलसी, मसुर, मटर, उड़द, मूंगफली जैसी फसलें लेना चाहते है वे अपने नजदीकी कृषि कार्यालय व क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि, उद्यान विस्तार अधिकारी एवं अपने ग्राम के किसान मित्र से यथा शीघ्र संपर्क कर नगद व अनुदान पर बीज प्राप्त कर सकते है। इसी कड़ी में पाण्डुका के 20 से अधिक किसानों को चना, गेंहू का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हुमन ध्रुव, महेश्वर पूरी, तोरण राम, अशोक साहू, अक्षमन साहू, गणेश साहू, नेतराम गिरवर राम साहू, विष्णु राम, एजेश निर्मलकर, जनपत सदस्य रजनी सतीश चौरे, बूंदा साहू, कृषि विस्तार अधिकारी सरोज केवट सहित पाण्डुका क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी ने संभाला काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला पंजीयन क्रमांक 1769 के नवनियुक्त अशासकीय प्राधिकृत अधिकारी भुवेन्द्र मरकाम ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। समिति के कर्मचारी और किसानों ने पुष्पगुच्छ और गुलाल लगाकर स्वागत किया। समिति प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समिति के प्राधिकृत अधिकारी भुवेन्द्र मरकाम ने कहा कि समिति की प्रगति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अपने कर्तव्यों को पुरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान उपसरपंच परमेश्वर यादव, महामंत्री शिवशंकर जयसवाल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल, भाजपा कार्यकर्ता नारायण सिंह ठाकुर, झवर अग्रवाल, कृष्णा गुप्ता , कचरू निषाद,ललित नेताम, भोज नागेश, किसान नारायण सोरी, पुनीत ध्रुव, , कबी मरकाम, दाऊ लाल, नागेंद्र,टिलेश्वर,चरण, कांशीराम, लीला राम,रेखराम, माखन,रामधर, जयंतो राम,घूरऊराम ,जामूराम ठाकुर राम,टेशराम ठाकुर, गमसिग, राजू नेताम,टेशकुमार निषाद, मिथलेश यादव,पुपेश्वर चन्द्राकार सहित कृषकगण उपस्थित थे।

# कार्यकर्ता बहनें शिक्षा के साथ-साथ सुपोषित कर रही



**छुरा।** ग्राम पंचायत टेंगनाबासा मे मितानिन दिवस मनाया गया। आंगनबाडी कार्यकर्त्ता सहायिका समूह के बहनो पंचायत के पंच व अन्य पदाधिकारियों को गुलाल लगाकर साड़ी श्री फल भेंटकर सम्मानित किया गया किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीलकंठ ठाकुर ने कहा की कार्यकर्त्ता बहने शिक्षा के साथ साथ सुपोषित कर रही है। वहीं समूह के बहनें समाज को आर्थिक मजबूती प्रदान कर नेक कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष व क्षेत्रीय जनपद सदस्य नीलकंठ सिंह ठाकुर थे। अध्यक्षता सरपंच राजकुमारी ध्रुव ने किया। विशेष अतिथि के रूप मे सुपरवाइजर संतोषी गायकवाड

के साथ सहायिका ग्वालिन यादव, मितानिन लता मिश्रा, राजकुमारी, पूर्णिमा, अंजनी, दुर्गा, सुखमणी, श्याम, देवकी ध्रुव, कमला ध्रुव, गोदावरी सिन्हा, गणेश्वरी सिन्हा, देवन्तीन ध्रुव, बिहान समूह के अध्यक्ष कुंती सिन्हा, सचिव टिकेश्वरी, कोषाध्यक्ष उर्मिला रैमून ध्रुव, पंच गणेशिया सिन्हा, शांती ध्रुव, जागेश्वरी, कौशल्या, मोतिन, कुन्दन, धरम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# करकरा व कोरासी के मितानिनों व आंबा कार्यकर्ता का किया सम्मान



**मुड़ागांव(कोरासी)।** शनिवार को मितानिन दिवस पर छुरा ब्लाक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मितानिन दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत करकरा और कोरासी के मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका का श्रीफल व साड़ी देकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम कुमारी बाई ध्रुव की मौजूदगी में संबोधित करते हुए कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। ऐसे स्वास्थ्य कार्यकर्ता मितानिन निस्वार्थ भाव से दिन रात नहीं देखी और जब चाहे तब अपने कार्य में लगे रहते हैं ऐसे मितानिनों का सम्मान ग्राम पंचायत भवन करकरा में किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच कुमारी बाई ध्रुव, सचिव नमिस पटेल, मितानिन एमटी तारिणी सोनवानी, डीआरपी खिलावन साहू मितानिन तुलसी बाई ध्रुव, मोहनी ठाकुर, अंजनी ठाकुर, इन्द्रा दीवान, पीलीबाई पटेल, संतोषी निषाद, तोषमणी बघेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टुमेश्वरी दीवान, प्रेमलता दीवान, सुनिती सोनी, बसंती पटेल, मही साहू, रिना सेन, तुकेश्वरी ध्रुव का सम्मानित किया गया।

# मितानिनों का श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा के राम जानकी मंदिर प्रांगण में शनिवार को मितानिन दिवस के शुभ अवसर पर मितानिन कार्यकर्ता एमटी तारिणी सोनवानी द्वारा खड़मा, कुरेकेरा के मितानिनों का सम्मान तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं मितानिन कार्यकर्ता सोनवानी एवं मितानिनों ने बताया कि शासन के योजनाओं अनुसार मितानिनों का सम्मान ग्राम पंचायत भवन में ग्राम पंचायत सरपंच सचिव द्वारा किया जाता है लेकिन इस वर्ष ग्राम पंचायत खड़मा के सरपंच सचिव द्वारा नही किया गया। जिससे मितानिन कार्यकर्ता व मितानिनों ने नाराजगी जताई है। जिससे प्रमुख रूप से मितानिन कार्यकर्ता तारिणी सोनवानी, मितानिन रेवती सोनवानी, पवन विश्वकर्मा, लता सिन्हा, केशर नंदे, मोहिनी साहू, डिगेश्वरी यादव मोहिनी ध्रुव, कांती ध्रुव, हेमलता बघेल शामिल थे।



## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में भाजपा की जीत पर मनाई खुशी

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने महाराष्ट्र में बीजेपी की सरकार बनने पर खुशी मनाई और नतीजे सामने आते ही जहां एक और पार्टी कार्यालय पर जश्न का माहौल देखने को मिलता है, तो आम जनता भी एक-दूसरे के साथ खुशी का इजहार करती है।

### सम्हर सोसाइटी अध्यक्ष ने संभाला पदभार

**तेंदूकोना।** भारतीय जनता पार्टी के अनुमोदन से राज्य शासन द्वारा कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सम्हर में अध्यक्ष के रूप में पिलेश्वर पटेल को प्राधिकृत अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जिनका पदभार कार्यक्रम 20 नवंबर को समिति सभा भवन में मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद एवं अलका चंद्राकर छाया विधायक व जिला पंचायत सदस्य, डॉ. सदाराम साहू पूर्व अध्यक्ष समिति के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व समिति प्रभारी कोमल दीवान, संजय मालवे, कन्हैया नायक, रुपेश साहू, टीकम ध्रुवंशी, चिंताराम साहू, मुकेश चंद्राकर, लालसिंह नायक, कमलेश टांडेय, हरीश दीवान, गुलशन बघेल, प्रकाश पटेल, कोमल साहू, धनंजय साहू, मोहित साहू, समिति प्रबंधक कोमल दीवान, ऑपरेटर कैलाश पटेल एवं सम्हर समिति के किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा के 11 माह के सुशासन का प्रतिफल है रायपुर दक्षिण का परिणाम

**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम ने रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत तथा उत्तरप्रदेश में 7 सीटों पर कमल खिलने पर इसे भाजपा पर जनता का विश्वास का परिणाम बताया है। साहू ने महाराष्ट्र चुनाव में भी एनडीए की जीत को प्रधानमंत्री मोदी की बेहतर नीति तथा भाजपा शासन काल में हुए विकास कार्यों का प्रतिफल बताया। साहू ने कहा कि जनता ने डबल इंजन की सरकार पर भरोसा किया है। भाजपा ने हमेशा जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप काम किया है। उपचुनाव में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में भरपूर मेहनत किया। विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने में सफल रहे। जिससे रायपुर दक्षिण उपचुनाव सहित महाराष्ट्र चुनाव और यूपी उप चुनावों में जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। रायपुर दक्षिण से सुनील सोनी का ऐतिहासिक जीत भाजपा के 11 माह के सुशासन पर जनता के विश्वास का मुहर है।

### शासन की उपेक्षापूर्ण नीति से महासमुंद पालिका विकास कार्यों में पिछड़ी : नीरज

**महासमुंद।** शहर के विकास में पालिका के पिछड़ने की वजह राज्य की सत्तारूढ़ भाजपा शासन को बताते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला प्रवक्ता नीरज परोहा ने कहा कि महासमुंद पालिका के प्रति सरकार की भेदभाव व उपेक्षा पूर्ण नीति के चलते शासन को पालिका द्वारा प्रस्तावित अनेक विकास कार्यों को आजपर्यंत तक स्वीकृति नहीं मिल पाई। जारी प्रेस विज्ञप्ति में परोहा ने कहा कि पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग द्वारा दो साल के कार्यकाल के वर्तमान वर्ष के बजट में शहर के विकास को तीव्र गति देने के लिए व नागरिकों को सुविधाओं के उद्देश्य से नहर लिंक रोड, सर्वसुविधायुक्त पार्किंग स्थल व पशुपालकों के लिए गोकुल नगर का प्रावधान वार्षिक बजट में सर्वसम्मति से पारित कर राशि प्रावधान के लिए राज्य शासन को भेजा था।

### रबी फसल की खेती न करने किसानों को धमका रही भाजपा सरकार: हेमलता

**महासमुंद।** महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमलता सागर निषाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। भाजपा सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है। चुनाव के वक्त 3100 रुपए में एकमुश्त धान खरीदने का वादा किया गया लेकिन, अब भाजपा अपनी बातों से मुकर रही है। सरकार द्वारा खरीदे गए धान की, किसान न्याय योजना की राशि तथा बढ़ी हुई समर्थन मूल्य की राशि को सरकार समर्थन मूल्य के दौरान ही भुगतान करें।

---

**दिवस : मितानिनों का सम्मान कर उनके कार्य और दायित्वों की सराहना की गई**

# जमीन से जुड़ी मितानिन दूर दराज के मोहल्लों में घर-घर पहुंच कर लोगों का दुख दर्द बांट लेती हैं


हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




नगर पंचायत छुरा में शनिवार को मितानिन दिवस मनाया गया। मितानिन दिवस के अवसर पर नगर पंचायत में शनिवार को पंचायत भवन में मितानिनों का सम्मान कर उनके कार्य और दायित्वों की सराहना की गई। मितानिनों को नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, सभापति भोलेशंकर जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह मरकाम ने सभी मितानिनों को साल एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यनगर पालिका अधिकारी लालसिंह मरकाम ने कहा कि वास्तव में मितानिन का अर्थ मित्र होता है। इस काम में हमारी मितानिन इस शब्द को बखूबी निभा रही हैं। जमीन से जुड़ी मितानिन दूर दराज के मोहल्लों में घर-घर पहुंच कर लोगों का दुख दर्द बांट लेती हैं। उन्होंने कहा कि बीमारों की सेवा और सहयोग करने वालों का साथ ईश्वर भी देता है। उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव ने कहा कि कि हमारे नगर पंचायत में मितानिनों की सेवा की बदौलत ही यहां के लोग खुशहाल हैं। इससे पंचायत प्रतिनिधियों को विकास के काम करने में आसानी होती है। सभापति भोलेशंकर जायसवाल ने मितानिनों को संबोधित करते हुए कहा कि मितानिनों का सम्मान करके इस नगर के लोगों का आपसी समन्वय और भी सुदृढ़ बन रहा है। कार्यक्रम में वीरेन्द्र ठाकुर, रामाधार यादव, मिथलेश कुमार सिन्हा, वीरेंद्र साहू, मेघराज यादव, दानेस्वर निर्मलकर, वेदप्रकाश मरकाम एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिन बहनों का योगदान महत्वपूर्ण : नंदनी

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में आज 23 नवम्बर शनिवार को मितानिन दिवस के अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों में सम्मान समारोह आयोजित कर मितानिन बहनों का सम्मान किया गया। तहसील मुख्यालय मैनपुर में मितानिन सम्मान समारोह का शुभारंभ भारत माता की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदनी नेताम, अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, विशेष अतिथि भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री तुलसी राठौर , भाजपा नेत्री श्रीमती कुमारी पटेल,यमराज ओटी, थानु पटेल, इतेश सोनी की उपस्थिति में मितानिन बहनों को साड़ी, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।



मुख्यअतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती नंदनी नेताम ने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता हैं, उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिन बहनों के योगदान को नहीं भूला जा सकता। प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जीतनी भी उपलब्धी रही है उसके पीछे महत्वपूर्ण श्रेय मितानिन बहनों की है। ब्लॉक समन्वयंक पार्वती नागेश ने कहा कि आज सभी मितानिन बहनें पूरी जिम्मेदारी के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं को अंतिम ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर पेयजल, समस्या और भी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए मितानिन बहने सबसे आगे नजर आती है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला मितानिन कार्यक्रम संयोजक जागृति, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक पार्वती नागेश दुलेश्वरी पटेल, गंगा नेताम, जमुना पटेल, सुहाग पांडे, कुमारी पटेल, डाली बाम्बोडे , प्रमिला पटेल, सविता यादव पार्वती कश्यप, हिमेश्वरी कश्यप, केसर पटेल, रोहित नायक, राजीव दीक्षित एवं बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्य पंचायत ब्लॉक समन्वयक पार्वती नागेश ने किया एवं आभार प्रदर्शन दुलेश्वरी पटेल ने किया।

## गांव में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका है : सरपंच

**रसेला।** ग्राम पंचायत पडरीपानी गोंड, कोठी गांव, टोनहीडबरी में मितानिन दिवस को हर्षोल्लास से मनाया गया। ग्राम कोठीगाव में मितानिन दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से तहसीलदार रमेश मेहता, सरपंच बिगेन्द्र सोरी, हेमंत ठाकुर, सचिव पवन नागेश, खिलावन, स्वास्थ्यकर्मी सरला ध्रुव, नीतू दीवान, एमटी अनिता सिन्हा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों का पीला चावल से स्वागत किया गया। इस मौके पर तहसीलदार रमेश मेहता ने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा बच्चा को





स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। सरपंच बिगेन्द्र सोरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अब तक जितनी भी उपलब्धियां रही है, उनके पीछे महत्वपूर्ण श्रेय मितानिन कार्यक्रम को जाता है। मितानिन कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण का देश में सबसे शानदार उदाहरण है। सरपंच हेमंत ठाकुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका है और हमें खुशी है कि हमारे क्षेत्र की मंशा के अनुरूप वे अपना कार्य अच्छे से निभा रही हैं। सचिव पवन नागेश ने कहा कि मितानिन बहने समाज व स्वास्थ्य को लेकर हमेशा सजग व तत्पर रहकर अपने- अपने क्षेत्रों में कार्यरत रहते हैं। सचिव खिलावन ठाकुर ने कहा कि मितानिन बहनों का यह योगदान समाज व प्रदेश के लिए अमूल्य है। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाये वह कम है। मितानिनों का यह योगदान समाज को एक दिशा देती है। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित मितानिन बहनों को साड़ी और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। एमटी अनिता सिन्हा द्वारा मितानिनों के कार्या के अनुभव को साझा करते हुए बताई कि हम प्रारंभ से ही निस्वार्थ भावना से सेवा कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। शासन स्तर पर भी मितानिनो के लिए कुछ अच्छी पहल की जानी चाहिए, ताकि हम और उत्साह से अपने दायित्व को अच्छे से निर्वहन कर सकें। इस मौके पर मितानिन मगतीन बाई, पीला बाई, सावित्री, जयमीन, शिवकुमारी, डगेश्वरी सहित सभी मितानिन और पंचायत के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।



### राजिम में हुआ मितानिनों का सम्मान

**राजिम।** मितानिन दिवस के अवसर पर नगर पंचायत राजिम के सभापति पुष्पा गोस्वामी ने मितानिन बहनों का सम्मान साड़ी और मिठाई भेंटकर, तिलक लगाकर सम्मानित किया।

---



## किसानों को ट्राइकोडरमा द्वारा बीजोपचार की दी जानकारी

**फिंगेश्वर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र फिंगेश्वर मे बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओ द्वारा अधिष्ठाता डॉ. निरंजन खरे के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम समन्वयक लेखराम वर्मा के निर्देशन में रावेरेडी कार्यक्रम ग्राम किरवई में संचालित हैं जिसके अंतर्गत छात्र- छात्राओं द्वारा किसानों को अंडे तथा नमक पानी द्वारा अंकुरित बीज का परीक्षण तथा ट्राइकोडरमा द्वारा बिजोपचार, भूमिपचार के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही ट्राइकोडरमा के उपयोग से प्रकृति को होने वाले लाभ के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर गांव के किसानों ने उत्साह पूर्वक जानकारी ली। इस अवसर पर सहित किसान सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बाबूलाल साहू बने कौंदकेरा सहकारी समिति के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

भारतीय जनता पार्टी के अनुमोदन के बाद राज्य शासन द्वारा बाबूलाल साहू को कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कौंदकेरा का प्राधिकृत अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका पदभार ग्रहण समारोह 22 नवंबर 2024 को शाम 5 बजे समिति सभा भवन में संपन्न हुआ।

बाबूलाल साहू के अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र के किसानों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। फटाके फोड़कर और आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। इस दौरान समिति के प्रभारी प्रबंधक तेजराम यादव ने बाबूलाल साहू का स्वागत करते हुए उन्हें पदभार सौंपा।

इस कार्यक्रम में ओंकार साहू, मकसूदन साहू, मदनलाल साहू, दूजलाल साहू, भारत साहू, परस राम साहू, गिरिराज साहू, शिवदयाल साहू, डोमार साहू, पुरुषोत्तम साहू सहित बड़ी संख्या में किसान और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह के दौरान किसानों ने बाबूलाल साहू की नियुक्ति को क्षेत्र के विकास और सहकारी समिति के कार्यों में सुधार की दिशा में सकारात्मक कदम बताया।

## गार्डन में मार्निंग वॉक करने पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा-राजिम एवं आसपास के इलाकों में ठंड अब अच्छी पड़ने लगी है। ग्लोबल वार्मिंग से साल भर पड़ने वाली गर्मी के कारण ठंड के मौसम का लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है वैसे भी ठंडी को हेल्थी सीजन माना जाता है। वहीं शहर के दोनों गार्डन में लोग मार्निंग वॉक करने पहुंच रहे हैं। लोग ठंड के दिनों का इंतजार इसलिए भी करते है क्योंकि ये घूमने एवं खाने पीने का मौसम होता है। शैक्षणिक भ्रमण एवं खेलकूद के आयोजन के लिए ठंड सबसे उपयुक्त समय माना जाता है। अभी तो सभी स्कूलों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होने लगा है। नवापारा नगर में भी रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता हो रही है। नगर के कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण की तैयारियों में लग गए है। हल्की धूप में ठंड का आनंद लेते हुए लोगों को चाय की चुस्की के साथ देखा जा रहा है। लिहाजा अभी पड़ने वाली ठंड का लोग मजा उठा रहे है। चूंकि अभी ठंड पिक पर नहीं है इसलिए गुलाबी ठंडी का लोग मजे उठा रहे है।

### छोटे बच्चों पर ठंड भारी

ठंड का प्रत्यक्ष एवं सबसे ज्यादा असर बच्चों में दिखाई देने लगा है। छोटे बच्चों में सर्दी खासी निमोनिया की शिकायत बढ़ी है। फलस्वरूप अस्पतालों में मरीज के रूप में छोटे बच्चों की संख्या बढ़ी है। मेडिकल स्टोर में भी सर्दी खांसी



कफ सिरप के खरीददार की संख्या में इजाफा हुआ है। सर्दी के इस मौसम में कपड़े दुकानों में स्वेटर एवं गरम कपड़े की खरीददारी बढ़ी है। ठंड के दिनों में सुबह बच्चों को उठाकर तैयार करना पालकों के लिए टेढ़ी खीर का काम है। नवापारा एवं राजिम के अधिकतर स्कूल सुबह 7 या 8 बजे ही लगते है एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं नवापारा से बाहर निजी एवं अन्य स्कूलों में पढ़ते है जिसके स्कूल जाने का समय सुबह 7 बजे से प्रारंभ हो जाता है। शहर के दोनों गार्डन में सुबह-सुबह वॉक करने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। रायपुर रोड स्थित गुलाब गार्डन में लोग पैदल घूमते एवं वहां लगे व्यायाम उपकरण का उपयोग करके अपने आपको फिट बनाने में लगे हुए है।

---

**नवंबर एवं दिसंबर में विवाह के लिए 18 शुभ मुहूर्त**

# देवउठनी के साथ ही हो गया शादी-ब्याह का सिलसिला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

देवउठनी पर्व के बाद नए घरों में पूजा के साथ प्रवेश और शादी-ब्याह का सिलसिला इस क्षेत्र में शुरू हो चुका है। ये सभी को मालूम है कि हिंदुधर्म में किसी भी शुभ एवं मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त का ध्यान जरूर रखा जाता है।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा पर चले जाते हैं जिसके साथ ही मांगलिक कार्यो पर ब्रेक लग जाता है परंतु देवउठनी एकादशी के साथ एक बार फिर से विवाह और मांगलिक कार्य आरंभ हो गए हैं। बता दें कि देवउठनी एकादशी 12 नवंबर को हुआ है। इसके साथ ही शादी-ब्याह शुरू हो गया हैं। माह नवंबर एवं दिसंबर में कुल 18 शुभ मुहूर्त हैं इन सभी तिथियों पर नगर के



सभी शादी भवनों की बुकिंग पहले से हो चुकी है एवं कैटर्स भी खाली नहीं है। डीजे में प्रतिबंध के बाद बैंड बाजा ,धुमाल एवं अन्य परंपरागत वाद्ययंत्र वालो की मांग बढ़ गई है। भवन एवं कैटरर्स की बुकिंग दो-तीन महीने पहले ही हो चुकी है। देवउठनी एकादशी के बाद विवाह तथा सगाई, फलदान एवं गृह प्रवेश भी शुरू हो गए हैं। नगर के विभिन्न मैरिज हॉल एवं भवन में अभी बुकिंग हाऊसफुल है। उल्लेखनीय हैं कि नवापारा एवं राजिम में गिनती के ही मैरिज हॉल एवं भवन है इसलिए लोगों ने शादी के लिए पहले से ही भवन बुक कर रखे हैं। गांव में फसल कटाई का काम आखिरी चरण में चल रहा हैं। उन्हें बेचने की तैयारी है अब किसानों के पास थोड़ा समय है। बहरहाल गांव में किसान इसी सीजन में शादी करना पसंद कर रहे हैं। क्योंकि ठंड के सीजन में सब्जी एवं अन्य जरूर जरूरी चीजें सरलता से उपलब्ध हो जाता हैं। लोग गर्मी के सीजन से परहेज करते हुए ठंडी के मौसम में ही विवाह के कार्यक्रम आयोजित करना पसंद कर रहे हैं।

### *नवंबर एवं दिसंबर में विवाह मुहूर्त*

*हिंदू पंचांग के अनुसार नवंबर में शादी की काफी तिथियां बन रही है नवंबर में विवाह के लिए 11 शुभ दिन है। जिसमें तारीख 12 से लेकर 16, 17, 18, 22, 23, 24, 25, 28 एवं 29 नवंबर। दिसंबर महीने में थोड़ा कम है, सिर्फ पांच शुभ मुहूर्त है जिसमें 4,5,9,10 एवं 14 दिसंबर।*





By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST )
Jai Mata Di
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411